सार-समाचार

सोलर लाइट वितरण से झुग्गी बस्तियों में फैला उजाला

अजमेर(निसं)। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा सोमलपुर, मंगरी की ढाणी, दोराई, घूघरा, तबीजी, हाथी खेड़ा, काजीपुरा, पुष्कर सहित अन्य झुग्गी बस्तियों में लगभग 100 जरूरतमंद परिवारों को सौर ऊर्जा लाइट वितरित की गई। संस्थान के इस प्रयास से परिवारों को रात्रि में आवागमन, बच्चों की पढ़ाई और घरेलू कार्यों में सुविधा मिलेगी। लाभार्थियों ने संस्था का आभार व्यक्त करते हुए इसे महत्वपूर्ण सहयोग बताया। कार्यक्रम में सुमन मेघवंशी, सुरभि कलोसिया और मनोरमा सैन का विशेष योगदान रहा।

राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के शिविर का समापन

उदयपुर(निसं)। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संघटक मात्स्यकी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर (5-11 फरवरी) का समापन बुधवार को मुख्य अतिथि डॉ. बी.के. शर्मा (भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा अनुसंधान सलाहकार समिति के नव नियुक्त सदस्य) एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुमन ताकर की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए डॉक्टर शर्मा ने स्वयंसेवकों का आ ान किया कि उन्हें अपने राष्ट्रीय के निर्माण में पूरा योगदान देना चाहिये, युवाओं से ही राष्ट्र का निर्माण संभव है। युवा शक्ति टीम वर्क के रूप में अगर किसी भी कार्य को अपने हाथों में लेकर करने का मन बना लें तो कोई भी काम असम्भव नहीं है।

जागरूकता कार्यशाला आयोजित

उदयपुर(निसं)। महिला अधिकारिता विभाग के अंतर्गत विकल्प संस्थान द्वारा संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र पुलिस थाना नाई से विधिक परामर्शदाता ममता गोस्वामी और गोगुंदा सुपरवाइजर सीमा चौहान द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गोगुंदा में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में सुपरवाइजर सीमा चौहान द्वारा बालक बालिकाओं को शिक्षा सेतु योजना की जानकारी देते हुए नि:शुल्क कंप्युटर शिक्षा के बारे में बताया गया। इसके अलावा विवाह की सही उम्र, बाल विवाह के दुष्परिणाम की जानकारी दी गई।

'चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व का समग्र विकास' विषय पर कार्यशाला आयोजित

- चरित्र निर्माण ही राष्ट्र निर्माण का आधारः अतुल कोठारी
- मुख्य अतिथि अतुल कोठारी ने कहा कि अच्छे संस्कार ही नैतिकता के मार्ग का आधार हैं

अजमेर(निसं)। राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय और शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 'चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व का समग्र विकास' विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ।

मुख्य अतिथि अतुल कोठारी ने कहा कि अच्छे संस्कार ही नैतिकता के मार्ग का आधार हैं। उन्होंने पंचकोश सिद्धांत की व्याख्या करते हुए अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय और आनंदमय कोश को जीवन से जोडक़र समझाया। कुलपति आनंद भालेराव ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार नहीं, बल्कि चरित्रवान नागरिकों का निर्माण है। कार्यशाला में राष्ट्रीय शिक्षा नीति, भारतीय ज्ञान परंपरा और मूल्य आधारित शिक्षा पर 11 सत्रों में विस्तृत चर्चा की जाएगी। डॉ कोठारी ने यह आव्हान किया कि हम सब सीखने की प्रक्रिया में आजीवन विद्यार्थी बने रहें, क्योंकि निरंतर सीखना ही व्यक्तित्व विकास का आधार है। उन्होंने कहा कि खेलकूद, स्वच्छता एवं अनुशासित जीवनशैली से शरीर स्वस्थ रहता है, वहीं मन को शांत रखना मानसिक संतुलन के लिए आवश्यक है। उन्होंने यह भी बताया कि ज्ञान एवं विज्ञान का संबंध मस्तिष्क से होता है, इसलिए शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक एवं बौद्धिक विकास पर भी समान रूप से ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक व अध्यक्ष, राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आनंद भालेराव ने कहा कि शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास केवल एक संस्था नहीं हैं, यह भारत की शिक्षा-आत्मा को पुनर्जीवित करने का आंदोलन हैं। न्यास हमें याद दिलाता है कि शिक्षा का अंतिम उद्देश्य केवल रोजगार नहीं, बल्कि मनुष्य का निर्माण हैं। प्रो भालेराव ने आगे बताया कि यह आयोजन केवल एक औपचारिक कार्यशाला नहीं है। यह एक राष्ट्रीय संकल्प का प्रारम्भ हैं। एक ऐसा संकल्प जो व्यक्ति के भीतर से राष्ट्र के निर्माण तक जाता हैं। न्यास की दृष्टि में शिक्षा का लक्ष्य है - कर्तव्यबोध, संस्कार, राष्ट्र चेतना, सेवा भाव, आत्मा अनुशासन और सत्यनिष्ठा।

अजमेर के आठ स्काउट-गाइड राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित

अजमेर(निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट-गाइड राज्य मुख्यालय जयपुर के तत्वावधान में राज्य पुरस्कार अवार्ड रैली का आयोजन राज्य प्रशिक्षण केंद्र, जगतपुरा में किया गया। अजमेर जिले से वर्ष 2025-26 में कुल आठ प्रतिभागियों को मुख्य समारोह में भाग लेने का अवसर मिला।

जिले से 146 स्काउट, 84 गाइड, 15 रोवर और 42 रेंजर सहित कुल 287 का चयन राज्य पुरस्कार के लिए हुआ। इनमें से अजय परोदा, अंशुमान, जयदेव, कमलेश, गोविंद सिंह गुर्जर, आदित्य गुर्जर सहित अन्य प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

संगठन में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पूर्व राज्य संगठन आयुक्त दया मेघानी को मेडल ऑफ मेरिट से सम्मानित किया गया। सभी सम्मान राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े द्वारा प्रदान किए गए।

राजस्थान बजट विकास, सुशासन और संवेदनशील नेतृत्व का प्रतीक

अजमेर ,(कास)। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अरविंद शर्मा ने वित्त मंत्री दिया कुमारी द्वारा राजस्थान राज्य के प्रस्तुत बजट को जनहित, युवा सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा, शिक्षा उन्नयन, पर्यटन विकास, डिजिटल सुशासन और आधारभूत संरचना विस्तार का समग्र दस्तावेज बताया है। शर्मा ने कहा था बजट मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में यह बजट विकसित राजस्थान 2047 की दिशा में एक मजबूत और ठोस कदम है। यह बजट केवल घोषणाओं का संकलन नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी रोडमैप है। मुख्यमंत्री भजन लाल के नेतृत्व में प्रस्तुत यह तीसरा बजट युवा, किसान, महिला, कर्मचारी, व्यापारी और आमजन सभी वर्गों को सशक्त बनाने वाला संतुलित एवं विकासोन्मुख बजट है। यह बजट 8 करोड प्रदेशवासियों की खुशहाली का गारंटी कार्ड है। राजस्थान को आत्मनिर्भर, तकनीकी रूप से सक्षम, सांस्कृतिक रूप से समृद्ध और सामाजिक रूप से संवेदनशील राज्य बनाने की दिशा में यह बजट ऐतिहासिक साबित होगा।

महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

अजमेर(निसं)। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय की सिंधु शोध पीठ द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 58वीं पुण्यतिथि पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता शिक्षाविद एवं चिंतक हनुमान सिंह राठौर ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन, व्यक्तित्व और विचारधारा पर विस्तृत प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में पुण्यतिथि या जयंती मनाने का उद्देश्य महान व्यक्तियों के जीवन से प्रेरणा लेना है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 1916 में हुआ और बाल्यकाल में माता-पिता के निधन के बाद उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में शिक्षा प्राप्त की। वे अत्यंत मेधावी छात्र रहे और अजमेर बोर्ड में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आगे चलकर उन्होंने व्यक्तिगत सुख-सुविधाओं का त्याग कर राष्ट्र सेवा का मार्ग अपनाया। उन्होंने 'एकात्म मानव दर्शन' को उनका सबसे बड़ा योगदान बताते हुए कहा कि इस दर्शन में मनुष्य, समाज और प्रकृति को एक समग्र इकाई माना गया है।

कुलगुरु सुरेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और शिक्षा को जीवन-दृष्टि के रूप में अपनाना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में विभिन्न प्राध्यापक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

बकाया जल बिल न भरने वालों पर गिरेगी गाज

उदयपुर(निसं)। शहर में जल बिल नहीं चुकाने वाले उपभोक्ताओं के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। विभाग ने उदयपुर शहर के नगर खण्ड प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ के उन उपभोक्ताओं को अंतिम चेतावनी जारी की है, जिनका जल राजस्व लंबे समय से बकाया है। जारी सार्वजनिक नोटिस के अनुसार के सभी बकायादारों को 7 कार्यदिवसों के भीतर अपनी बकाया राशि अनिवार्य रूप से जमा कराने के निर्देश दिए हैं।

बजट ब्यावर की जनता के लिए एक मिला-जुला पिटारा: अजय शर्मा

ब्यावर (निसं)। राजस्थान विधानसभा में वित्त मंत्री दीया कुमारी द्वारा पेश किया गया बजट 2026-27 ब्यावर की जनता के लिए एक मिला-जुला पिटारा साबित हुआ है। जहाँ कुछ घोषणाओं ने औद्योगिक संजीवनी देने की कोशिश की है, वहीं जिला बनने के बाद की जो बड़ी उम्मीदें थीं, उनमें ब्यावर को खाली हाथ रहना पड़ा है। ब्यावर जिला तो बन गया, लेकिन एक "आदर्श जिला" बनने के लिए जो मूलभूत ढांचे की जरूरत थी, उस पर बजट मौन रहा।

पेयजल का स्थाई समाधान: ब्यावर वर्षों से जल संकट से जूझ रहा है। हमें उम्मीद थी कि कोई ठोस समाधान मिलेगा या किसी बड़ी पेयजल परियोजना से ब्यावर को जोड़ने के लिए ठोस बजट मिलेगा, लेकिन केवल सामान्य पाइपलाइन विस्तार की बातें हुईं।

जिला स्तरीय बुनियादी ढांचा: नए जिला कलेक्ट्रेट परिसर, पुलिस लाइन और अन्य जिला स्तरीय कार्यालयों के लिए कोई विशेष "बड़ा पैकेज" नहीं दिखा, जिससे प्रशासन की कार्यक्षमता प्रभावित होगी।

स्वास्थ्य सेवाएं: ब्यावर के अमृतकौर अस्पताल को सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं से लैस करने और मेडिकल कॉलेज की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

रोजगार के अवसर: हालांकि लॉजिस्टिक पार्क की बात हुई है, लेकिन ब्यावर के युवाओं के लिए स्थानीय स्तर पर कोई बड़ा उद्योग या कौशल विकास केंद्र स्थापित करने का स्पष्ट रोडमैप गायब है। मेरा ऐसा मानना है कि यह बजट ब्यावर के लिए केवल "घोषणाओं का झुनझुना" अधिक है और "धरातल पर समाधान" कम। जिला बनाने का महत्वपूर्ण कदम पिछली कांग्रेस सरकार ने उठाया था, उसे आगे बढ़ाने में यह भजनलाल सरकार विफल रही है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 57वीं पुण्यतिथि पर किया नमन

- एकात्म मानव दर्शन के प्रणेता और समर्थ भारत निर्माण के चिंतक पण्डित दीनदयाल उपाध्यायः देवीशंकर भूतड़ा

ब्यावर (निसं)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भारतीय जनता पार्टी महाराणा प्रताप मंडल द्वारा आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम मुरारका भवन में हुआ। मण्डल महामंत्री सन्तोष जाग्रत ने बताया की मुख्य अतिथि भाजपा नेता पूर्व विधायक पूर्व जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने समाज के वंचित, गरीब और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए जीवनभर कार्य किया। उनकी शिक्षाएं और आदर्श आज भी प्रेरणास्त्रोत हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीयता और भारत के मूल्यों पर गहन चिंतन के आधार पर एकात्म मानवदर्शन जैसा मूल्यवान वैचारिक दर्शन प्रतिपादित किया। कार्यक्रम को पूर्व जिला महामंत्री पवन जैन, पूर्व जिला मंत्री बृजकिशोर शर्मा, शिव प्रकाश सामरिया, करण सिंह रावत, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष चेतन गोयर ने भी संबोधित किया कार्यक्रम मे मंडल अध्यक्ष रवि चौहान, विजय दगदी, जय सिंह सुहावा, प्रदीप रावत, कुशाल सिंह रावत, प्रभु सिह रावत, यज्ञेश शर्मा, कृष्णा भूतड़ा, हिमांशु शर्मा, डुंगर सिंह रावत, नरेंद्र सिंह रावत, सुरेश व्यास, कंचन रावत, लता शर्मा, बछराज छीपा, शशि चांवरिया, राजेश्वरी यादव, सुमिता बाबेल, तारा सोनी, नवीन मेहता, शिखा गुप्ता, रुपेश कोठारी, तिलोक तालेपा, हेमंत चन्देल, मनीष बंसल, सुरेन्द्र चणिया, प्रकाश सोयल, राज जागिंड, हेमंत खत्री, दिलीप शर्मा, सज्जन सिंह चौहान, कांता ग्वाला, मुन्नीदेवी गहलोत, रामेश्वर गहलोत, सुरेश गहलोत, लोकेन्द्र सिह, दिपक दगदी सहित बड़ी संख्या में बूथ अध्यक्ष कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

लेपर्ड को पकड़ने वन विभाग ने लगाया पिंजरा

उदयपुर,(का.स.)। उदयपुर के घासा थाना क्षेत्र की मांगथला ग्राम पंचायत में लेपर्ड को पकडने के लिए वन विभाग ने बीती रात पिंजरा लगाया है। दो दिन पहले खेत पर काम कर रहे किसान पर हमला कर दिया था। घटना के बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ऐसे में वे दिन में खेत पर अकेले काम करने से डर रहे हैं। किसान पर हमले की घटना सोमवार की है। जब किसान श्यामलाल डांगी (50) पुत्र रूपजी खेत में काम कर रहे थे। तभी पीछे से लेपर्ड ने हमला कर दिया। तभी खेत में थोडी दूरी पर काम कर रही पत्नी ने शोर मचाया और किसान ने भी खुद के बचाव की पूरी कोशिश की। इतने में लेपर्ड भाग गया।किसान के पीठ और गर्दन पर कई जगह घाव हो गए। लहूलुहान हालत में श्यामलाल को तुरंत निजी हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां उनका इलाज चल रहा है।

पुष्कर में होगी बागेश्वर धाम सरकार की हनुमंत कथा

- प्रचार के लिए सनातनी बैठक, पीले चावल देकर दिया जाएगा निमंत्रण

ब्यावर (निसं)। तीर्थराज पुष्कर में 23 से 25 फरवरी तक बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित श्री धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के श्रीमुख से हनुमंत कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा के प्रचार-प्रसार एवं जनसम्पर्क के लिए 13 फरवरी को ब्यावर शहर में सनातन धर्मावलंबियों की एक विशेष बैठक आयोजित की जा रही है।सनातन धर्म रक्षा संघ अजयमेरू (राजस्थान) के पदाधिकारियों का प्रतिनिधि मंडल इस संबंध में ब्यावर पहुंचेगा। प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष अजय शर्मा (पूर्व न्यायाधीश), वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंजीनियर अशोक शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. कुलदीप शर्मा तथा महासचिव देवेन्द्र त्रिपाठी शामिल रहेंगे।

मंडल द्वारा शहर के सनातनी बंधुओं को कथा की जानकारी दी जाएगी तथा उन्हें ससम्मान आमंत्रित किया जाएगा। बैठक 13 फरवरी को दोपहर 3 बजे बी.एल. सोनी स्कूल, विजयनगर रोड (दादावाड़ी के आगे) में आयोजित होगी। बैठक में उपस्थित श्रद्धालुओं को पारंपरिक रूप से पीले चावल देकर कथा में आने का निमंत्रण दिया जाएगा।ब्यावर प्रचार प्रसार संयोजक संयोजक आनंद सोनी (राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारत हिन्दू क्रांति सेना) ने शहरवासियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित रहने का आग्रह किया है। बैठक के एडवोकेट विजय पारीक ने बताया कि यह आयोजन सनातन संस्कृति के जागरण और सामाजिक एकजुटता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

बजट में मिली निराशा

ब्यावर (निसं)। कांग्रेस अध्यक्ष अशोक रांका के अनुसार वर्तमान सरकार द्वारा बजट पेश किया गया वह बहुत ही निराशाजनक है। इसमें युवाओं और किसानों को, मजदूरों को,केवल एक लॉलीपॉप दी गई है इससे कुछ होने वाला नहीं है। इसके लिए सरकार को धरातल पर उतरना पड़ेगा एवं ब्यावर जिले वासियों को बजट से बहुत उम्मीद थी लेकिन आमजन को इससे निराशा हाथ लगी है। जिला बनने के बाद भी ब्यावर वासियों को कुछ भी नहीं मिला। ब्यावर जिले को औद्योगिक क्षेत्र में, शिक्षा के क्षेत्र में,चिकित्सा के क्षेत्र में,नगर सुधार न्यास, बरसों से चली आ रही मेडिकल कॉलेज जैसी मांग की काफी प्रबल संभावनाएं थी उसको देखते हुए ब्यावर जिले को कुछ भी नहीं मिला। जिससे रोजगार खत्म हो रहा है और रोजमर्रा के काम में आने वाली वस्तुएं महंगे होने की वजह से परिवार में असंतुलन की स्थिति बनी हुई है।

कचरा संग्रहण शुल्क के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस ने की हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत

- ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में नगर परिषद ब्यावर द्वारा कचरा संग्रहण पर लगाए गए वसूली के ख़िलाफ़ हस्ताक्षर अभियान
- शहर की जनता में इस कचरा संग्रहण शुल्क को लेकर खासी नाराजगी देखने को मिली है

ब्यावर (निसं)। वार्ड नंबर 18 के निवर्तमान पार्षद भारत बाघमार ने गजानंद जी का मंदिर, चमन चौराया से आये हुए कांग्रेस के नेताओं का दुप्पटा पहनाकर स्वागत किया एवं हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की जिसमें घर घर पहुंचकर हस्ताक्षर करवाए। वार्ड ओर शहर की जनता में इस कचरा संग्रहण शुल्क को लेकर खासी नाराजगी देखने को मिली है। अभियान में पूर्व विधायक माणक डाणी ने आमजन से अपील करते हुए बताया कि नगर परिषद द्वारा कचरा संग्रहण शुल्क के नाम पर अवैध वसूली करना ब्यावर की जनता के साथ धोखा है ,राजेंद्र ओस्तवाल ने कहा कि नगर परिषद द्वारा वसूली करना हठधर्मिता को दर्शाता है,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ब्यावर के अशोक रांका ने कहां कि नगरपरिषद द्वारा करोड़ो में ठेकेदार को टेंडर देकर नगर परिषद कि आय को कम करके नगर परिषद को जो नुकसान हुआ उसकी भरपाई आम जनता से करना चाहतीहै जिसका हम पुरजोर विरोध करते हैं। अभियान में राष्ट्रीय सेवादल कांग्रेस सचिव कल्पना भटनागर,प्रदेश सचिव सोहन मेवाड़ा, जिलाध्यक्ष विक्रम सोनी,ब्लॉक अध्यक्ष डॉ अरविंद माथुर, नि.पार्षद भरत बाघमार, राजेन्द्र, रामनिवास सेन, राजेश, अजय, घनश्याम, चिराग आदि ने डोर टू डोर कचरा संग्रहण के विरोध में भाग लिया।

NAME CHANGE

BENA CHHAJER W/O. SURENDRA KUMAR JAIN H.NO. 8, NEAR CRYSTAL PARK, AKSHAY VIHAR 2ND, R.K. LINK ROAD MADANGANJ-KISHANGARH, (DIST.-AJMER) RAJ. 305 801. CHANGED MY NAME AS BEENA JAIN W/O. SURENDRA KUMAR JAIN

NAME CHANGE

SURENDRA KUMAR S/O. TARA CHAND JAIN H.NO. 8, NEAR CRYSTAL PARK, AKSHAY VIHAR 2ND, R.K. LINK ROAD MADANGANJ-KISHANGARH, (DIST.-AJMER) RAJ. 305 801. CHANGED MY NAME AS SURENDRA KUMAR JAIN S/O. TARA CHAND JAIN

गेहलपुर में मां हिंगलाज मातेश्वरी मंदिर में पाटोत्सव का शुभारंभ

अरांई,(निसं)। गेहलपुर स्थित मां हिंगलाज मातेश्वरी मंदिर में पाटोत्सव कार्यक्रम का भव्य और आध्यात्मिक शुभारंभ बुधवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ हुआ। आयस पीर शम्भूनाथ रावल महाराज के सानिध्य में कलश यात्रा निकाली गई तथा श्रीमद्भागवत कथा का विधिवत प्रारंभ हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार, धर्म ध्वजों और रामनाम की अखंड ध्वनियों से समूचा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।

कलश यात्रा निकाली: बुधवार सुबह 1100 महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली। महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित होकर माताजी की बावड़ी पहुंचीं, जहां विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर पवित्र जल भरा गया। इसके पश्चात महिलाएं सिर पर कलश धारण कर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई कथा पांडाल स्थल पहुंचीं। रास्ते में श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर कलश यात्रियों का अभिनंदन किया। रामधुनी मंडल के तत्वाधान में निकली शोभायात्रा में धर्म ध्वजों से सजी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां आकर्षण का केंद्र रहीं। भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़ों और जयकारों के बीच हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। जय मां हिंगलाज और रामनाम के उद्घोष से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। पूरा गेहलपुर गांव आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर दिखाई दिया। कथा पांडाल स्थल पर आयस पीर शम्भूनाथ रावल महाराज के सानिध्य में विधिवत पूजा-अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। यहां महाराज के आशीर्वचन और उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। उन्होंने श्रद्धालुओं को सनातन धर्म की महिमा बताते हुए भक्ति, सेवा और संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला। उनके सानिध्य में संपन्न वैदिक अनुष्ठानों ने श्रद्धालुओं के मन में गहरी आध्यात्मिक छाप छोड़ी।

भागवत कथा में धर्म, कर्म और भक्ति के मार्ग पर चलने का संदेश दिया: कथा व्यास कमल किशोर शास्त्री ने श्रीमद्भागवत की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि भागवत श्रवण से जीवन में सकारात्मकता, सद्बुद्धि और आत्मिक शांति प्राप्त होती है। उन्होंने भक्तों को धर्म, कर्म और भक्ति के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने भागवत महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाला दिव्य ज्ञान है। कथा श्रवण से मनुष्य के भीतर भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का उदय होता है तथा जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है। कथा के दौरान श्रोतागण मंत्रमुग्ध होकर कथा का श्रवण करते रहे। पाटोत्सव कार्यक्रम के लिए मंदिर परिसर और कथा स्थल को आकर्षक सजावट से सजाया गया है। ग्रामीणों और आयोजकों के सहयोग से कार्यक्रम सुव्यवस्थित ढंग से चल रहा है। पाटोत्सव के शुभारंभ ने गेहलपुर में धार्मिक वातावरण को और भी प्रगाढ़ बना दिया है।

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक: योजना/2025-26/ सार्वजनिक सूचना दिनांक-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती संगीता गौड़ पत्नी श्री गोपाल कृष्ण गौड़ निवासी 77 सुथारों का मौहल्ला यूनिवर्सिटी रोड नोर्थ आयड उदयपुर के द्वारा नगर निगम की भगवानगंज योजना के आवासीय भूखण्ड संख्या W-77 क्षेत्रफल 69.44 वर्गगज का नामान्तरण करवाये जाने बाबत दस्तावेज सलंग्न कर आवेदन सं. LSG/AJMER/MUT/2025-26/170025 दिनांक 19.01.2026 को नामान्तरण हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार उक्त भूखण्ड मूल आवंटी श्री रामावतार शर्मा पुत्र स्व. श्री कल्याण सहाय शर्मा के नाम से दर्ज है। श्री रामावतार शर्मा का स्वर्गवास दिनांक 05.05.2016 को हो चुका है। सजरा प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती संगीता गौड़(पुत्री) विधिक वारिस है। उक्त प्रकरण का निष्पादन राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 116 के तहत आवेदित है जिसका निष्पादन धारा 116 के तहत प्रक्रियाधीन किया गया है। इस संबंध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आपत्ति प्रकाशन से 15 दिवस के लिए आवेदन के साथ प्रस्तुत दस्तावेजों को अजमेर नगर निगम कार्यालय की योजना शाखा में देखने/पढ़ने के लिए खुला रखा गया है इस अवधि में किसी भी हितबद्ध व्यक्ति/आम खास को कोई आपत्ति उज्र हो तो सूचना प्रकाशन से 15 दिवस में मय पुख्ता दस्तावेजों के साथ अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है बाद मियाद नियमानुसार प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा। -प्रभारी अधिकारी(योजना) नगर निगम, अजमेर

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

टोडरमल लॉन, सिविल लाईन्स, अजमेर, Email :- ajmerada@gmail.com, Website :- www.rajasthan.gov.in/ada, Tel.No. :- 0145-2627748-2627749

अविप्रा

क्रमांक :- अविप्रा/प.2/तकनीकी/2026-27/राजकाज 20370935 दिनांक :- 06/02/2026

ई-निविदा सूचना संख्या 53 & 54/2025-26

3539.48 लाख की ई-निविदा 53 & 54/2025-26 के कम संख्या (01 पर अंकित कार्य) हेतु दिनांक 05.03.2026 एवं ई-निविदा 53 & 54/2025-26 (के शेष कार्य) हेतु दिनांक 19/02/2026 सांय 06:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in http://www.urban.rajasthan.gov.in/ada पर देखा जा सकता है।

NIT 53 - UBN : AJD2526WLOB00256, SLOB00257, WSOB00258-59,
NIT 54 - AJD2526WSOB00254 - 55

राज.संवाद/सी/25/19603 अधिशाषी अभियन्ता